**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**जल भवन, बाणगंगा, भोपाल–462 003**
**दूरभाष क्रमांक (0755) 2779411–12**

क्रमांक 27 राज (स्था.)/प्र.अ./लोस्वायॉवि/2025 भोपाल, दिनांक 29.01.2025

## //परिपत्र (Circular)//

दिनांक 20 जनवरी 2025 को आयोजित विभागीय तकनीकी समिति की 50वीं बैठक में लिये गये निर्णय के परिपालन में पीएमयू आईटी द्वारा विकसित किये जा रहे Digital MPPHED प्लेटफार्म के अंतर्गत तैयार किये गये **"नवीन नलकूप प्रबंधन** (New Tubewell Management)" मॉडयूल को विभाग में दिनांक 01 फरवरी 2025 से लागू किया जाता है।

इस मॉडयूल के उपयोग हेतु निर्देश निम्नानुसार हैं :–

1. **"नवीन नलकूप प्रबंधन** (New Tubewell Management)" **मॉडयूल का डाउनलोड एवं उपयोग** :–

1.1 Digital MPPHED मोबाईल एप्प को एण्डरायड मोबाईल फोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें।

1.2 एप्प में अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर से लॉगइन करें। यदि मोबाईल नंबर रजिस्टर नहीं है तो अपने कार्यपालन यंत्री/प्रमुख अभियंता कार्यालय से संपर्क कर अपना मोबाईल नंबर रजिस्टर करायें।

1.3 एप्प में Project Management Information System (PMIS) पर क्लिक करें फिर New Tubewell Managment पर क्लिक करें।

1.4 तदुपरांत Add New Tubewell पर क्लिक करें। इसके उपरांत एप्प पर बताये गये फील्ड को भरते हुये आगे की कार्यवाही करें।

2. **मॉडयूल उपयोग में विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारियाँ :–**

**2.1 उपयंत्री** :–इस मॉडयूल के अंतर्गत विभाग के सिविल एवं मैकेनिकल संकाय द्वारा खनित किये जाने वाले समस्त नलकूपों (विभागीय/अन्य विभागीय/डिपाजिट) की जानकारी मोबाईल एप्प के माध्यम से संबंधित उपयंत्री द्वारा दर्ज की जायेगी तथा नलकूप पर हैण्डपंप, हैण्डपंप प्लेटफार्म, सिंगल/थ्री फेस मोटर पंप की स्थापना, विद्युत कनेक्शन का कार्य होने के उपरांत इस कार्य की पृविष्टी उपयंत्री द्वारा मोबाईल एप्प के माध्यम से की जायेगी तथा खनित टयूबवेल, निर्मित प्लेटफार्म, मोटर पंप स्थापना कार्य की ग्राम में नलकूप खनन स्थल पर जाकर जियोटैग फोटो मोबाईल एप्प के माध्यम से लेकर अपलोड की

जायेगी। मोबाईल एप्प के माध्यम से ग्राम में नलकूप खनन स्थल पर फोटो लेने पर उस स्थल के Longitude/Latitude मोबाईल एप्प द्वारा स्वतः ले लिये जायेंगे।

ठेकेदार एवं उसके अनुबंध आदि की जानकारी उपयंत्री द्वारा नलकूप निर्माण/खनन स्थल पर जाने के पूर्व खण्ड/उपखण्ड कार्यालय से प्राप्त करके प्रविष्ट की जायेगी तथा अन्य जानकारी यथा – खनित टयूबवेल का उपयोग /उद्देश्य (Purpose of tubewell), प्रकार, व्यास, गहराई, केसिंग पाईप का व्यास एवं लंबाई आदि जानकारी उपयंत्री द्वारा कार्यस्थल पर जाकर मोबाईल एप्प में दर्ज की जायेगी।

2.2 **सहायक यंत्री** :–उपयंत्री द्वारा दर्ज किये गये उपरोक्त अनुसार नलकूप के विवरण की चेकिंग/वेरिफिकेशन सहायक यंत्री द्वारा कार्यस्थल पर किये जाने के उपरांत वेबपोर्टल www.phed.mp.gov.in/digitalmpphed पर लॉगइन किया जायेगा। लॉगइन के उपरांत PMIS आईकन पर क्लिक कर New Tubewell का चयन करेंगे। तदुपरांत नलकूप के माप की चेकिंग की प्रविष्टि/पुष्टि पोर्टल पर सहायक यंत्री द्वारा दर्ज की जायेगी। कालांतर में यह कार्यवाही मोबाईल एप्प के माध्यम से उपलब्ध होने पर सहायक यंत्री मोबाईल एप्प का उपयोग कर सकेंगे। वर्तमान में सहायक यंत्री को उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत खनित नलकूप /प्लेटफार्म/मोटर पंप स्थापना आदि कार्यों की वेबपोर्टल से की गई चेकिंग/वेरिफिकेशन की जानकारी मोबाईल एप्प पर सहायक यंत्री के डैशबोर्ड पर उपलब्ध रहेगी।

2.3 **कार्यपालन यंत्री** :–सहायक यंत्री द्वारा नलकूप के माप की चेकिंग/वेरिफिकेशन के उपरांत कार्यपालन यंत्री द्वारा नलकूप को उक्त वेबपोर्टल पर जाकर "अप्रूव" किया जायेगा। जिसके उपरांत ही नवीन नलकूप उक्त मॉडयूल पर अंतिम रूप से दर्ज होगा। कालांतर में यह कार्यवाही मोबाईल एप्प के माध्यम से उपलब्ध होने पर कार्यपालन यंत्री मोबाईल एप्प का उपयोग कर सकेंगे। वर्तमान में कार्यपालन यंत्री को उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत खनित नलकूप/प्लेटफार्म/मोटर पंप स्थापना आदि कार्यों की वेबपोर्टल से की गई चेकिंग/वेरिफिकेशन की जानकारी मोबाईल एप्प पर कार्यपालन यंत्री के डैशबोर्ड पर उपलब्ध रहेगी।

1. **डैशबोर्ड** :–इस मार्डयूल के माध्यम से संकलित होने वाली जानकारी हेतु डैशबोर्ड मोबाईल एवं वेब एप्पलीकेशन पर समस्त विभागीय अधिकारियों यथा–प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को उपलब्ध रहेगा जिससे वह अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित जानकारी का अवलोकन एवं अनुश्रवण कर सकेंगे।

2. अन्य कार्यवाही :–

4.1 नलकूप खनन तथा उससे संबंधित कार्यों के माप तथा उनकी माप पुस्तिका में पृविष्टी करने की जो प्रक्रिया वर्तमान में विभाग में प्रचलित है, वह यथावत रहेगी।

4.2 यदि नलकूप पर प्लेटफार्म का निर्माण अथवा मोटर पंप स्थापना का कार्य नलकूप कार्य के कुछ समय उपरांत होता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित उपयंत्री द्वारा प्लेटफार्म निर्माण अथवा मोटर पंप स्थापना कार्य की स्थल पर उक्त मोबाईल एप्प के माध्यम से फोटोग्राफ पृथक–पृथक लेते हुये अपलोड की जानी होगी तथा सहायक यंत्री/कार्यपालन यंत्री द्वारा पृथक–पृथक वेरिफाई/अप्रूव करना होगा।

4.3 यदि नलकूप पर प्लेटफार्म का निर्माण अथवा मोटर पंप स्थापना का कार्य नलकूप कार्य के साथ–साथ हो जाता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित उपयंत्री द्वारा प्लेटफार्म निर्माण अथवा मोटर पंप स्थापना कार्य की स्थल पर उक्त मोबाईल एप्प के माध्यम से एक बार में ही फोटोग्राफ लेते हुये अपलोड की जानी होगी तथा सहायक यंत्री/कार्यपालन यंत्री द्वारा एक बार में ही इसे वेरिफाई/अप्रवूड करना होगा।

4.4 कार्यपालन यंत्री द्वारा वेबपोर्टल www.phed.mp.gov.in/digitalmppheds से नवीन ट्यूबवेल की रिपोर्ट प्रिंट कर नलकूप/हैण्डपंप स्थापना/प्लेटफार्म निर्माण/मोटर पंप स्थापना कार्य के देयकों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त रिपोर्ट देयक के साथ संलग्न किये बिना देयक का भुगतान **वित्तीय अनियमितता** माना जायेगा। उक्त पोर्टल से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट का प्रारूप संलग्न है।

4.5 New Tubewell Management मॉडयूल के विकास का कार्य सतत रूप से किया जाता रहेगा जिससे इसको अधिक User Friendly किया जा सके।

4.6 उपरोक्त अनुसार कार्यवाही विभाग द्वारा **दिनांक 01 फरवरी 2025 से खनित किये जाने वाले समस्त प्रकार के नलकूपों के लिये आवश्यक होगी**, New Tubewell Management में पृविष्ट किये गये नलकूप की जानकारी तथा इस मॉडयूल से जनरेट की गई रिपोर्ट को देयक के साथ संलग्न कर किया गया भुगतान ही मान्य होगा तथा खण्ड कार्यालयों की नलकूप खनन की भौतिक प्रगति इसी माडयूल में दर्ज नलकूप की संख्या के आधार पर मान्य होगी।

15.1.2025

**(के. के. सोनगरिया)**
**प्रमुख अभियंता**

1069

पृ0क्रमांक /मोनि/प्र.अ./लो.स्वा.या.वि/2025 भोपाल, दिनांक 29/1/25

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लो.स्वा.यां. विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समस्त परिक्षेत्र मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समस्त मण्डल मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समस्त खण्ड (सिविल/मैकेनिकल) मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. संभागीय लेखाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समस्त खण्ड मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. आदेश नस्ती।

29.1.2025

**प्रमुख अभियंता**

# हैण्डपंप हेतु खनित नलकूप की रिपोर्ट

**Public Health Engineering Department**

Division: Bhopal Division Office

**Report of New Tubewell**

FY 2024-25

Tubewell Status: **Approved** | Date of Report: **2025-01-29 09:35:12**

### Tubewell Location Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| District: **Bhopal** | Block: **PHANDA** | Panchayat: **BADJHEERI** | Village (LGD Code): **BADJHIRI (482503)** |
| Tubewell Location: **Location 1** | | | |

### Details of Tubewell


| | | | |
|---|---|---|---|
| Executive Wing: | Contractor Name: | PWD Registration No.: | Agreement No. & Date: |
| Civil | Raj Kumar Singh | THHS676 | HDJ786 & 25-04-2024 |
| Work Order No. & Date: | Purpose of Tubewell: | Type of Tubewell: | Diameter of Tubewell:(in mm) |
| HSKH786 & 29-07-2024 | Handpump Installation | Ordinary | 200 mm |
| Depth of Tubewell (in m): | Type of Casing Pipe: | Total Length of Casing Pipe (in m): | |
| 39 | GI | 86 | |
| Yield of Tubewell (90-Degree V-notch in inch): | Static Water Level:(in m) | Is the Tubewell successful: | Is Water Potable: |
| 96 | 85 Meters | Yes | Yes |
| MB No. of Tubewell Measurement: | MB Page No. of Tubewell Measurement: | Date of Measurement Recorded in MB | |
| 68 | 68 | 27-08-2024 | |

### Location on Map




| Latitude | 23.2174584 | Longitude | 77.4488654 |
|---|---|---|---|

### Tubewell Image



### Details of Handpump Installation

| | | | |
|---|---|---|---|
| Budget Head Demand No: | Handpump Installed: | Length of Riser Pipe (in meter): | Platform Constructed: |
| Other Department | Yes | 90 | Yes |
| Soakage Pit Constructed: | Work done by Same TW Contractor | Measurement Book No.: | Measurement Book Page No.: |
| Yes | Yes | 78 | 89 |
| Date of Measurement Recorded in MB: | | | |
| 28-10-2024 | | | |

### Handpump Image



### Platform Image



| Measurement Recorded and Inspected By | Measurement Checked & Verified By | Tubewell Approved By |
|---|---|---|
| Name: **Test Ashutosh** | Name: **AE Bhopal** | Name: **EE Bhopal** |
| Designation: **Sub Engineer** | Designation: **Assistant Engineer** | Designation: **Executive Engineer** |
| Sub Division: **Berasia Sub Division Office** | Sub Division: **Berasia Sub Division Office** | Sub Division: **Bhopal Division Office** |
| Date of Inspection: **2025-01-29 09:35:12** | Date of Checking: **2025-01-29 11:48:50** | Date of Approval: **2025-01-29 11:55:10** |

**Disclaimer:** This report is Digitally Generated and does not require any Digital Signature. The Report is downloaded on 2025-01-29 11:55:12.

# नलजल योजना हेतु खनित नलकूप की रिपोर्ट

**Public Health Engineering Department**
Division: Bhopal Division Office
**Report of New Tubewell**
FY 2024-25

Tubewell Status: **Approved** | Date of Report: **2025-01-28 20:02:06**

### Tubewell Location Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| District: **Bhopal** | Block: **PHANDA** | Panchayat: **BADJHEERI** | Village (LGD Code): **BADJHIRI (482503)** |
| Tubewell Location: **New area** | | | |

### Details of Tubewell

| | | | |
|---|---|---|---|
| Executive Wing: E&M | Purpose of Tubewell: Source for New PWSS | Type of Tubewell: Ordinary | Diameter of Tubewell:(in mm) 200 mm |
| Depth of Tubewell (in m): 50 | Type of Casing Pipe: GI | Total Length of Casing Pipe (in m): 55 | |
| Yield of Tubewell (90-Degree V-notch in inch): 60 | Static Water Level:(in m) 25 Meters | Is the Tubewell successful: Yes | Is Water Potable: Yes |
| MB No. of Tubewell Measurement: 56 | MB Page No. of Tubewell Measurement: 77 | Date of Measurement Recorded in MB 28-01-2025 | |

### Location on Map




| Latitude | 23.1793643 | Longitude | 77.4800343 |
|---|---|---|---|


### Tubewell Image




### Details of Source for New PWSS

| | | | |
|---|---|---|---|
| Motor Pump Installed: Yes | Work done by Same TW Contractor Yes | Soakage Pit Constructed: Yes | Electric Connection Provided: Yes |
| Electric Connection Type: New | IVRS Number: 5774688 | Source Connected from PWSS: Yes | Measurement Book No.: 55 |
| Measurement Book Page No.: 67 | Date of Measurement Recorded in MB: 28-01-2025 | | |

### Motorpump Image



### Source Connected from PWSS Image



| Measurement Recorded and Inspected By | Measurement Checked & Verified By | Tubewell Approved By |
|---|---|---|
| Name: **Test Ashutosh** | Name: **AE Bhopal** | Name: **EE Bhopal** |
| Designation: **Sub Engineer** | Designation: **Assistant Engineer** | Designation: **Executive Engineer** |
| Sub Division: **Berasia Sub Division Office** | Sub Division: **Berasia Sub Division Office** | Sub Division: **Bhopal Division Office** |
| Date of Inspection: **2025-01-28 20:02:06** | Date of Checking: **2025-01-29 12:05:02** | Date of Approval: **2025-01-29 12:05:12** |

**Disclaimer:** This report is Digitally Generated and does not require any Digital Signature. The Report is downloaded on 2025-01-29 12:05:13.